कालीन निर्यात संवर्धन परिषद्
CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL
*(Set up by Ministry of Textiles, Govt. of India)*
**Working Office :** 2nd Floor, Rajiv Gandhi Handicrafts Bhawan, Baba Kharak Singh Marg, New Delhi – 110001
**Phone :** +91-11-233 647 16, 233 64717
**E-mail :** info@cepc.co.in, **Website :** www.cepc.co.in
**Regd. Office :** Shreejee Complex, Shop No. T-3, Sharma Market, Harola, Noida (U.P.)
**Website of Ministry of Textiles :** www.texmin.nic.in

# प्रेस विज्ञप्ति

**22 नवंबर, 2020.**

टांडाफाल स्थित गो आश्रय स्थल पर 22 नवंबर को गोपाष्टमी के अवसर आये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर कालीन निर्यात संवर्धन परिषद( सीईपीसी) के चेयरमैन सिद्धनाथ सिंह ने उन्हें मिर्जापुर-भदोही कालीन बेल्ट कोओडीओपी का तोहफा देने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर श्री सिंह ने स्मृति चिन्ह स्वरूप एक यादगार अनूठा उपहार भी उन्हें दिया,जो मिर्जापुर के बुनकरों द्वारा बनाया गया एक खूबसूरत गलीचा रहा। जिसमें मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का चित्र बड़ी ही खूबसूरती के साथ उकेरा गया है। श्री सिद्धनाथ सिंह की माने तो मुख्यमंत्री जो प्रदेश के विकास एवं जन-जन की सुरक्षा को लेकर अत्यंत संवेदनशील हैं, उनके प्रति यहां के कालीन निर्यातक और बुनकर सभी कृतज्ञ हैं, क्योंकि ओडीओपी का लाभ इन सभी को भविष्य में मिलना तय है और इससे यहां की अर्थव्यवस्था में सुधार होगी । लोगों को रोजगार मिलेगा ।उनका यह गलीचा मुख्यमंत्री को यहां के कुटीर उद्योग की सदैव याद दिलाएगा, ऐसी उम्मीद वे सभी कालीन व्यवसाय निर्यातक करते हैं। मुख्यमंत्री के साथ जल शक्ति मंत्री भारत सरकार श्री गजेन्द्र सिंह तथा जल शक्ति मंत्री उ0प्र0 श्री महेन्द्र सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।